हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
31जुलाई 2024, समय 1305

नीट यूजी काउंसलिंग का पहला दौर अगले महीने की 14 तारीख से शुरू होगा।राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार काउंसलिंग चार दौर में होगी। सुश्री पटेल ने कहा कि पंजीकरण अगले महीने के पहले सप्ताह में शुरू होगा। उन्होंने कहा कि पहले दौर की काउंसलिंग 14 अगस्त से 23 अगस्त के बीच होगी।

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कल फरीदाबाद में जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'हरियाली पर्व' में हिस्सा लिया और विश्वविद्यालय परिसर में नीम का पौधा लगाया। इस अवसर पर श्री दत्तात्रेय ने छात्रों, कर्मचारियों और संकाय सदस्यों को प्रकृति के पोषण और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने का आह्वान किया।विश्वविद्यालय जुलाई और अगस्त के महीने को 'हरियाली पर्व' के रूप में मन रहा है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिष्ठित एवं गणमान्य व्यक्तियों को पौधारोपण अभियान में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिन्दी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों के लिए पेंशन 15,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये प्रति माह करने को मंजूरी प्रदान कर दी है।एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग 161 मातृभाषा सत्याग्रहियों या उनके जीवित पति, पत्नियों को 15,000 रुपये मासिक पेंशन वितरित करता है। इस वृद्धि से हर साल 96 लाख 60 हजार रुपये का अतिरिक्त व्यय होगा। इस पेंशन के लिए अब कुल वार्षिक बजट लगभग 3 करोड़ 86 लाख रुपये हो जाएगा।

पूर्व राज्य मंत्री एवं विधायक संदीप सिंह ने कल पिहोवा में मंडी बोर्ड की सरकार द्वारा मंजूर की गई ग्रामीण क्षेत्र की चार नई सडक़ों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयास से मंडी बोर्ड ने गांव छैलों से समसपुर, ककराला गुजरान से थेह बनहेड़ा, ठसका मीरांजी से जलबेहड़ा और भौर सैयदां से छैलों टकोरन

तक नई सडक़ के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। इनका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा। सभी चारों सडक़ों की कुल लंबाई 11 किलोमीटर 170 मीटर से अधिक होगी। उन्होंने कहा कि इन सडक़ों के निर्माण से ये गांव आपस में जुड़ेंगे और किसानों को मंडियों तक पहुंचने में आसानी होगी।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने सितंबर की माध्यमिक व वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा के लिए आवेदन करने हेतु तिथियों की घोषणा की है । परीक्षार्थी आज से बोर्ड की वेबसाइट पर दिए गए लिंक से आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डा. VP यादव ने भिवानी में बताया कि कि माध्यमिक व वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षा के लिए आज से 8 अगस्त तक 900 रूपये परीक्षा शुल्क के साथ पंजीकरण किया जा सकता है । उन्होंने बताया कि 100 रूपये विलंब शुल्क के साथ पंजीकरण तिथि 9 से 12 अगस्त रहेगी। इसी प्रकार 300 रूपये विलंब शुल्क सहित पंजीकरण 13 से 16 अगस्त तक तथा एक हजार रूपये विलंब शुल्क सहित पंजीकरण 17 से 20 अगस्त तक किया जा सकेगा । डा. यादव ने बताया कि इसके अतिरिक्त जो परीक्षार्थी माध्यमिक व वरिष्ठ माध्यमिक की इस वर्ष फरवरी-मार्च व जुलाई की परीक्षा में उत्तीर्ण रहे हैं, लेकिन किसी एक अनिवार्य विषय में फेल हैं। ऐसे परीक्षार्थी भी अतिरिक्त उत्तीर्ण श्रेणी के अन्तर्गत निर्धारित तिथियों में पिछला अनुक्रमांक दर्ज करते हुए ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। अन्तिम तिथि उपरान्त किसी भी प्रकार के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई के लिए हेल्पलाइन नंबर 01664-254300 के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।

सिरसा के चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय व विश्वविद्यालय से संबंधित महाविद्यालयों में सम व विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं में रिअपीयर वाले विद्यार्थियों को परीक्षा का विशेष मौका दिया है।विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि विद्यार्थी 12 अगस्त तक अपेक्षित शुल्क के साथ ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। परीक्षा की तिथि व परीक्षा केंद्र से सबंधित जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई जाएगी ।